# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 19 मई 2024, रविवार

**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और जौनपुर में आयोजित जनसभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु**

**ट्रिपल तलाक व 370 वापस लाने, CAA हटाने और राम मंदिर पर ताला लगाने की बात करने वालों को सत्ता में नहीं आने देना चाहिए**

****************

**भारत को मोदी जी जैसा मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए जो पाकिस्तान को जवाब दे सके**

****************

**परिवारवादी पार्टियाँ देश के युवाओं के लिए काम नहीं कर सकतीं**

****************

**मोदी जी ने सांस्कृतिक केन्द्रों को पुनर्जीवित करने का काम किया**

****************

**एक बार बँटवारे से कांग्रेस का पेट नहीं भरा है, मगर भाजपा देश को दुबारा बाँटने नहीं देगी**

****************

**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और जौनपुर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस व सपा की भ्रष्टाचारी एवं परिवारवादी राजनीति पर जमकर निशाना साधा और मोदी सरकार के जनकल्याणकारी और विकास कार्यों से हुए देश में सकारात्मक बदलाव को रेखांकित किया।** कार्यक्रमों के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री सी टी रवि, राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री श्री अनिल राजभर, श्री नंदगोपाल नंदी, प्रयागराज से निवर्तमान सांसद श्रीमती रीता बहुगुणा, प्रयागराज से लोकसभा प्रत्याशी श्री नीरज त्रिपाठी, मछलीशहर से लोकसभा प्रत्याशी श्री बी पी सरोज सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **अभी तक 4 चरण के चुनाव हो चुके हैं और इन 4 चरणों में इंडी गठबंधन का सुपड़ा साफ हो चुका है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा पूर्ण बहुमत प्राप्त करके तेजी से 400 पार के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ गयी है।** भाजपा प्रत्याशी श्री नीरज त्रिपाठी को दिया हुआ एक-एक वोट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जाएगा। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है कि भारत को दुनिया का तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना, 3 लाख गाँव में डेयरी की व्यवस्था करना और भारत को सुरक्षित बनाना।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के अर्थतंत्र को 11 वें नंबर से 5 वें नंबर पर लाया है। उन्होंने कहा कि **कश्मीर भारत का अखंड हिस्सा है लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि कश्मीर का राजस्थान और**

**उत्तरप्रदेश सहित भारत के अन्य राज्यों से क्या लेनादेना है?** खड़गे जी जानते नहीं है कि प्रयागराज सहित पूरे उत्तरप्रदेश का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। **कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर देश को धमकी दे रहे हैं कि पाकिस्तान को सम्मान दीजिए, क्योंकि उनके पास परमाणु बम हैं, कुछ दिनों पहले इंडी गठबंधन के नेता फरुख अब्दुल्ला कह रहे थे कि पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करिए, क्योंकि उनके पास परमाणु बम है।** लेकिन, **भाजपा का स्पष्ट कहना है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है, भारत का ही रहेगा और इसे भारत से कोई नहीं छीन सकता। पहले कश्मीर में जहां तिरंगा फहराने के लिए फौज साथ लेकर जानी पड़ती थी, आज उसी लाल चौक पर भगवान श्री कृष्ण की शोभा यात्रा निकलती है।**

श्री शाह ने कहा कि 70 वर्षों से कांग्रेस पार्टी ने धारा 370 को बचा कर रखा लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को देश की जनता ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया गया। कांग्रेस का कहना था कि अगर कश्मीर से धारा 370 हटती है तो यहाँ खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में खून की नदियां तो छोड़िए किसी में कंकड़ तक मारने का साहस नहीं है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को आतंकवाद से मुक्त किया है। **सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस कोई कार्रवाई नहीं करती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक कर 10 दिन के अंदर उरी और पुलवामा का जवाब दिया और  आतंकवादियों का सफाया किया है।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह कुंभ का क्षेत्र है और विरासत की भूमि है। यहाँ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने निषाद राज पार्क बनाने को सुनिश्चित किया है, भारद्वाज ऋषि के आश्रम को विकसित किया जा रहा है और लेटे हुए हनुमान जी के सामने बड़ा कॉरीडोर बनाने का काम भी मोदी सरकार कर रही है। 2025 में पूरा देश कुंभ मेले में आने वाला है। **अगर इंडी गठबंधन जीतती है तो इनके पास प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं है। इंडी गठबंधन के नेताओं ने बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने की योजना बनाई है,. लेकिन देश ऐसे नहीं चल सकता है। इस देश को मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है, जो केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही प्रदान कर सकते हैं।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 4 जून को तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इंडी गठबंधन का कहना है कि हमारी सरकार आने पर हम धारा 370 फिर से लागू कर देंगे, तीन तलाक फिर से लागू कर देंगे, वर्ग विशेष को आरक्षण देना चाहते हैं, सीएए हटाना चाहते हैं और परमाणु हथियार भी नष्ट करना चाहते हैं। इंडी गठबंधन इस देश का विकास नहीं कर सकता है। कांग्रेस की यूपीए सरकार ने उत्तर प्रदेश को 10 साल में मात्र 4 लाख 90 हजार करोड़ रुपए दिए। लेकिन मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश को विगत 10 वर्षों में 19 लाख 11 हजार करोड़ रुपए देने का काम किया। मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश के 3 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया, 3 करोड़ 40 लाख लोगों को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज प्रदान किया, 2 करोड़ 35 लाख शौचालय का निर्माण किया, 14 करोड़ लोगों को निशुल्क अनाज और 2 करोड़ गैस कनेक्शन भी प्रदान किए। मोदी सरकार ने रायबरेली और गोरखपुर को एम्स की सौगात दी और लखनऊ में आईआईआईटी एवं वाराणसी में एनआईएफटी का भी निर्माण करवाया। कोरोना जैसी महामारी में भी कांग्रेस राजनीति से पीछे नहीं हटी, कांग्रेस का कहना था कि कोरोना की वैक्सीन मत लगवाएं यह मोदी टीका है। लेकिन देश की जनता ने कांग्रेस पर विश्वास न कर कोरोना से जंग लड़ी है।

श्री शाह ने कहा कि **पूरा इंडी अलायंस अपने बच्चों के भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए राजनीति कर रहा है। लालू यादव, उद्धव ठाकरे, स्टालिन, ममता बनर्जी को अपने बेटों और भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना है। शरद पवार को अपनी बेटी को मुख्यमंत्री बनाना है और सोनिया गांधी को अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। अपने परिवार के लिए राजनीति करने वाले देश का भला नहीं कर सकते हैं।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही देश के भविष्य को संवार सकते हैं। कांग्रेस का कहना है कि अगर मोदी जी को 400 सीटें मिलेगी तो वे आरक्षण को समाप्त कर देंगे। **इस देश की जनता ने पिछले 10 वर्षों में पूर्ण बहुमत दिया है, भाजपा ने कभी आरक्षण को खत्म नहीं किया। कांग्रेस ने कर्नाटक और तेलंगाना में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के आरक्षण को समाप्त कर वर्ग विशेष को 5% आरक्षण देने का काम किया है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वर्ग विशेष के आरक्षण को समाप्त कर के एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण बहाल करने का काम किया जाएगा। कां**ग्रेस पार्टी हमेशा दलित विरोधी पार्टी रही है, कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया है** लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बाबा साहब के जन्मदिन 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस , 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया, मऊ, लंदन, नागपूर, दिल्ली और मुंबई में जहां जहां अंबेडकर जी के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाएं घटी वहाँ स्मारक बनाने का काम भी आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। **कांग्रेस पार्टी देश एक बार फिर देश का बंटवारा करना चाहती है। कांग्रेस के सांसद ने बयान दिया कि उत्तर और दक्षिण भारत को अलग-अलग देश बना देना चाहिए। मगर भाजपा भारत का बंटवारा नहीं होने देगी।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने मेरठ से प्रयागराज तक 600 किलोमीटर का गंगा एक्स्प्रेस-वे बनाया, अंदावा से हंडिया तक सड़क चौड़ीकरण किया, 12 रेलवे ओवर ब्रिज बनाया, फाफा-मऊ 6 लेन रोड, संगम पर रोप वे बनाया जा रहा है और प्रयागराज को स्मार्ट सिटी मिशन में सम्मिलित किया गया है। प्रयागराज के युवाओं के लिए लॉ युनिवर्सिटी का निर्माण भी किया जा रहा है। मोदी सरकार ने गरीब कल्याण के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं। मोदी सरकार में प्रयागराज में 1 लाख 55 हजार लोगों को पक्के घर, 5 लाख 80 हजार लोगों को गैस सिलेंडर, 6 लाख 50 हजार घरों को नल से जल प्रदान किया गया और 8 लाख शौचालय के निर्माण के साथ-साथ 8 लाख लोगों को निशुल्क अनाज मुहैया कराया जा रहा है। भाजपा सरकार ने ग्राम सड़क योजना के तहत 1300 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया, जौनपुर से भदोही तक 1500 करोड़ रुपए की लागत से नेशनल हाईवे एवं एक्स्प्रेस-वे का निर्माण किया, जौनपुर-सुल्तानपुर-लखनऊ नेशनल हाईवे बनाया, जौनपुर से वाराणसी और आजमगढ़ तक 4 लेन रोड बनाया गया, जौनपुर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया और पंचेटिया में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी किया जा रहा है। जौनपुर में अमूल का प्लांट भी लगाया गया है। अमूल गरीबों के लिए धन कमाने की कुंजी है और हर महिला इसके माध्यम से लगभग 20 हजार रुपए की कमाई कर पाती है।

श्री शाह ने कहा 70 वर्षों तक कांग्रेस और सपा की सरकारों ने राम मंदिर के मुद्दे को लटकाए रखा। समाजवादी पार्टी ने कार सेवकों पर गोलियां चलवाईं, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल में न्यायालय के माध्यम से राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त भी किया, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को भगवान श्री राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा कर दी। लेकिन **कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने वोट बैंक के तुष्टीकरण की राजनीति करते हुए राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का वोट बैंक इस देश की आम जनता नहीं है बल्कि देश में आए हुए घुसपैठिए हैं।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राम मंदिर के साथ-साथ काशी विश्वनाथ के दरबार को भी सजाने का काम किया है। सोमनाथ के मंदिर को सोने का बनाया जा रहा है और

देश के सभी सांस्कृतिक केंद्रों को ऊर्जावान बनाने का काम किया जा रहा है। **2017 में भाजपा सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश से गुंडों का सफाया किया और उत्तर प्रदेश को सुरक्षित बनाया।** 2024 का चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर का निर्माण करवाने वाले दो गुटों के बीच है। यह चुनाव देश का भविष्य तय करने, सुरक्षित करने, गरीबी, आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने के साथ-साथ महान भारत की रचना करने का चुनाव है। श्री अमित शाह ने स्थानीय भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

****************